Ambassador's speech on the occasion of World Hindi Day 10 January, 2025

नमस्कार!

विश्व हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर सभी उपस्थित लोगो को हार्दिक शुभकामनायें। आज 10 जनवरी को भारत समेत दुनिया भर में विश्व हिंदी दिवस मनाया जा रहा है। आज का दिन (World Hindi Day) हर भारतीय और हिंदीभाषियों के लिए गर्व का दिन है।

Screen पर आप प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर सन्देश देख सकते हैं । उन्होंने अपने सन्देश में हिंदी दिवस की महत्ता को इन 5-6 प्रमुख बिंदुओं में रेखांकित किया है ।

- यह हमें हिंदी भाषा की सांस्कृतिक विरासत और विश्व में इसके महत्व पर गर्व के साथ हिंदी के विस्तार के लिए आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है ।

- भाषा वह सेतु है जो न केवल हमें अतीत से जोड़ती है अपित्तु हमें भविष्य की संभावनाओं की और ले जाती है तथा भाषा के माध्यम से हम अपने ज्ञान, संस्कृति और संस्कार को आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाते हैं ।

- हमारे देश में सदियों से विभिन्न भाषाएँ पुष्पित-पल्ल्वित होती रही हैं तथा इनका सह-अस्तित्व हिंदी भाषा की 'विविधता में एकता' की इस परम्परा को और ज्यादा मजबूत बनाता है ।

- हिंदी एक सहज, सरल तथा आसानी से समझ में आने वाली भाषा है तथा इसके इस गुण ने विश्व के विभिन्न देशों में इसकी लोकप्रियता बढ़ाई है ।

- हिंदी साहित्य, हिंदी सिनेमा तथा कला के विभिन्न प्रकारों को लोगों का निरंतर स्नेह मिला है । अंतर्राष्ट्रीय मंचो पर हिंदी का बढ़ता उपयोग हम भारतवासियों के लिए गौरवपूर्ण है ।

- डिजिटल तथा नये तकनीकी युग, सोशल मीडिया एवं ऑनलाइन माध्यमों के बढ़ते उपयोग ने विशेष रूप से युवाओं के बीच हिंदी को एक रुचिकर भाषा के रूप में स्थापित किया है ।

मुझे यह बताने में अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि इस वर्ष भी हिंदी दिवस के अवसर पर कुवैत में 26 भारतीय स्कूलों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक निबंध लेखन, कविता पाठ और वाद-विवाद जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया । इस वर्ष हमने पहली बार कुवैतियों के लिए भी हिंदी बोलने की प्रतियोगिता आयोजित की, जिसके कुछ प्रतिभागी हमारे साथ आज मौजूद हैं । निबंध लेखन का अंतिम दौर यूनाइटेड इंडियन स्कूल द्वारा, कविता पाठ सालमिया मॉडल स्कूल द्वारा और वाद-विवाद एफएआईपीएस डीपीएस द्वारा आयोजित किया गया था। यह कक्षा 5 से 8 और कक्षा 9 से 12 के छात्रों के लिए 2 श्रेणियों में आयोजित किया गया था। मैं सभी प्रतिभागियों की सराहना करता हूं और सभी विजेताओं को बधाई देता हूं ।

इसके अलावा दो और महत्वपूर्ण बातें जो कि कुवैत में भारतीयों की तथा हिंदी भाषा की प्रमुख उपलब्धियों के रूप में उल्लेखनीय हैं । पहली तो यह कि हमने हिंदी चेयर के लिए गल्फ यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। जैसे ही भारत से हिंदी के अध्यापक GUST में आएंगे, GUST विश्वविद्यालय में हिंदी पढ़ाई जानी शुरू होगी । दूसरी जैसा कि आप सब में से काफी लोगों को यह भी मालूम होगा कि कुवैत रेडियो ने अप्रैल से FM और AM चैनल पर हिंदी कार्यक्रम भी शुरू किया है। इसकी चर्चा प्रधानमंत्री जी ने अपने मन की बात रेडियो कार्यक्रम में भी की थी ।

मुझे उम्मीद है कि हिंदी की भागीदारी से भारत और कुवैत महान ऊंचाइयों तक पहुंचेंगे । मैं आप सभी को एक बार फिर से विश्व हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनायें देता हूं ।

*****